# बड़े तालाब में आज दिखेगा अद्भुत नजारा सैकड़ों नावों से निकलेगी नौका तिरंगा यात्रा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में आयोजित तिरंगा यात्राओं की श्रृंखला के तहत भोपाल के बड़े तालाब में 13 अगस्त को भव्य नौका तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सुबह 11 बजे नौका विहार केंद्र से यात्रा का शुभारंभ होगा। आयोजन में सैकड़ों नावें तिरंगे के साथ शामिल होंगी, जबकि हजारों नागरिक देशभक्ति के इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि बड़े तालाब के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच होने वाली यह यात्रा भोपाल के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। नभ से लेकर जल तक हर जगह तिरंगा लहराने और नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजन किया जा रहा है।



आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने मंत्री सारंग ने जिला प्रशासन, खेल विभाग, पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल के अधिकारियों के साथ नौका विहार केंद्र एवं बड़े तालाब क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा, यातायात, नाव संचालन, गोताखोरों की तैनाती, वाहन खड़ा करने की व्यवस्था और साफ-सफाई सहित सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण तालाब के बीच बनने वाला तैरता हुआ तिरंगा होगा।

## पदोन्नति में बाधक नहीं बनेगी सीपीसीटी परीक्षा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की पदोन्नति को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सीपीसीटी परीक्षा कर्मचारियों की पदोन्नति में बाधक नहीं बननी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पदोन्नति के लिए सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता पर जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिलना चाहिए और सीपीसीटी परीक्षा के कारण किसी भी कर्मचारी को पदोन्नति से वंचित या पदावनत न किया जाए।

# वंदे मातरम् के गायन से शुरू होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के लाल परेड मैदान में 15 अगस्त को होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन से होगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य से लेकर जिला और पंचायत स्तर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं।


राज्य स्तरीय समारोह सुबह नौ बजे राष्ट्रगीत के साथ शुरू होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ध्वजारोहण करेंगे और राष्ट्रगान के बाद परेड की सलामी लेंगे। मुख्यमंत्री परेड का निरीक्षण करेंगे, जिसके बाद मार्च-पास्ट होगा। इसके बाद वे प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे। समारोह में पदक अलंकरण तथा परेड कमांडर और प्लाटून कमांडरों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अंत में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। जिला, विकासखंड, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर के समारोहों की शुरुआत भी वंदे मातरम् के गायन से होगी। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला स्तरीय कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री के संदेश का सुबह 9:30 से 10 बजे तक सीधा प्रसारण किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक जिले में प्रमुख स्थल को चिन्हित कर स्वैच्छिक जनभागीदारी से पखवाड़े या एक माह का स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, युवा संगठनों और सामाजिक समूहों को इसमें जोड़ा जाएगा।

## दस्यु अधिनियम के दुरुपयोग का आरोप

**नप्र, भोपाल :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. गोविंद सिंह ने मध्यप्रदेश डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, 1981 के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए इसे समाप्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डकैत समस्या खत्म हो चुकी है, इसलिए इस कानून को अब जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है। पत्रकार वार्ता में डॉ. सिंह ने कहा कि पहले ग्वालियर-चंबल और रीवा संभाग में डकैतों का आतंक था, जिसे रोकने के लिए वर्ष 1981 में यह कानून बनाया गया था। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी प्रदेश से डकैत समस्या समाप्त होने की बात कही थी। डॉ. सिंह ने आरोप लगाया कि वर्ष 2020 से 2025 के बीच इस कानून के तहत एक हजार से अधिक लोगों पर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि इसका इस्तेमाल निर्दोष युवाओं और किसानों के खिलाफ किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने दी हरियाली अमावस्या की शुभकामनाएं

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरियाली अमावस्या के पावन पर्व की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और उसके संरक्षण का संदेश देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाकर धरती को हरा-भरा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण बनाए रखने के लिए हम सभी संकल्पित हों।
















मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com